>

Title: Need to bring the remaining 70 percent area of National Capital Territory, Delhi under Metro Rail network.

**श्री जय प्रकाश अग्रवाल (उत्तर पूर्व दिल्ली):** सभापति महोदया, मैंने पहले भी सदन का और सरकार का ध्यान आकर्षित किया था कि मेट्रो का जो विस्तार दिल्ली में हो रहा है, दिल्लीवालों को उसका फायदा नहीं हो रहा है। आप मेट्रो को अन्य शहरों में ले जा रहे हैं, लेकिन दिल्ली की 75 प्रतिशत आबादी मेट्रो से अछूती है, उनको उससे कोई लाभ नहीं हो रहा है। मैं अपना क्षेत्र देखता हूं जहां 25 लाख की आबादी है, वहां मेट्रो की कोई लाइन नहीं है और हम मेट्रो को दिल्ली से दूसरी जगहों पर ले जा रहे हैं। मैं उसका विरोध नहीं करता हूं, लेकिन मेरी मांग यह है कि जो विस्तार दिल्ली में होना चाहिए, जो काम दिल्लीवालों के लिए होना चाहिए, दिल्ली के गरीब इलाकों और गरीब लोगों के आने-जाने के लिए मेट्रो के विस्तार की जरूरत है, जिनको घंटों लगते हैं, माफ कीजिए, वह नहीं हो रहा है। आज जरूरत है इसकी कि सरकार इस ओर ध्यान दे और जल्दी से जल्दी उन लाइनों और स्कीमों को पूरा किया जाए ताकि दिल्ली की जनता को इसका लाभ मिल सके।